बुधवारी फायरिंग कांड का चौथा आरोपी दबोचा

सिवनी पुलिस की तीन बड़ी कार्रवाइयां- मंदिर चोरी का आरोपी गिरफ्तार, कचहरी चौक मारपीट मामले में 5 आरोपी जेल भेजे गए

सिवनी नवभारत। जिले में अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सिवनी पुलिस ने अलग-अलग मामलों में तीन महत्वपूर्ण कार्रवाइयां करते हुए कुल सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा तथा एसडीओपी सिवनी चंचलेश मरकाम के मार्गदर्शन में थाना बंडोल एवं कोतवाली पुलिस ने चोरी, फायरिंग और मारपीट के मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जिला जेल भेज दिया गया।

कोतवाली पुलिस ने 12 जून 2026 को सुनारी मोहल्ला में जमीनी विवाद के चलते हुई फायरिंग के मामले में फरार चल रहे चौथे आरोपी गौरव दीक्षित (36), निवासी बारापत्थर, सिवनी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जिला जेल भेज दिया गया।

इस मामले में पहले ही भोपाल निवासी निखिल वाथम, गोलू अहिरवार तथा सिवनी निवासी अमन चौहान को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने प्रार्थी के घर पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की थी। प्रकरण कोतवाली थाना में अपराध क्रमांक 517/2026 के तहत दर्ज है।

कार्रवाई में निरीक्षक सतीश तिवारी, उप निरीक्षक डालचंद ग्यारसिया, सहायक उप निरीक्षक जसवंत ठाकुर, प्रधान आरक्षक मुकेश गौडाने एवं प्रतीक बघेल की विशेष भूमिका रही।

कचहरी चौक मारपीट मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार

कोतवाली पुलिस ने कचहरी चौक में पुरानी रंजिश के चलते मारपीट और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने के मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों में मन्नू उर्फ अरुण नाविक, यश रजक, अनुज नामदेव, राजा उर्फ कचरा उर्फ पुरुषोत्तम गौर और आयुष नामदेव शामिल हैं। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बेसबॉल का डंडा भी जब्त किया है। यह मामला 5 अप्रैल 2026 को दर्ज किया गया था, जिसमें प्रार्थी अंकित उइके ने अपने साथियों के साथ मारपीट, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी तथा जातिसूचक शब्दों के प्रयोग की शिकायत दर्ज कराई थी। विवेचना पूरी होने के बाद सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर जिला जेल भेजा गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक सतीश तिवारी, उप निरीक्षक राजेश शर्मा, डालचंद ग्यारसिया, मनोज पाल, चेतन शर्मा एवं अंकित देशमुख की सराहनीय भूमिका रही। सिवनी पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में चोरी, अवैध हथियारों के प्रयोग, फायरिंग और गुंडागर्दी जैसी घटनाओं में शामिल आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

मंदिर चोरी मामले में एक गिरफ्तार, दूसरा फरार

थाना बंडोल क्षेत्र के राहीवाड़ा स्थित हनुमान मंदिर में 4 अगस्त को हुई चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी आदित्य उर्फ आदि वर्मन (22), निवासी विजय राघोगढ़, जिला कटनी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की गई एक जोड़ी चांदी की पायल और दानपेटी से चुराए गए 340 रुपये बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी राजा उर्फ मोहन साहू, निवासी कटनी के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस के अनुसार फरार आरोपी के खिलाफ पहले से चोरी के कई मामले दर्ज हैं और उसकी तलाश जारी है। इस मामले में थाना बंडोल में अपराध क्रमांक 292/2026 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मनोज कुमार जंघेला, प्रधान आरक्षक रजनीकांत ठाकुर, जयेन्द्र बघेल, संदेश परतेती एवं सतेन्द्र चंद्रवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

25 लाख की सौगात : लहगडुआ को मिला सामुदायिक भवन, जनप्रतिनिधियों ने किया भूमि पूजन

ग्रामीण विकास को मिलेगी नई गति, सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का बनेगा प्रमुख केंद्र

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा/मोहखेड़, 6 अगस्त, ग्राम पंचायत लहगडुआ में विकास कार्यों की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए 25 लाख रुपये की लागत से बनने वाले बहुप्रतीक्षित सामुदायिक भवन का गुरुवार को विधिवत भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी के बीच जनप्रतिनिधियों ने निर्माण कार्य का शुभारंभ किया और ग्रामवासियों की समस्याएं सुनते हुए उनके समाधान का भरोसा दिलाया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य कर रही है। सामुदायिक भवन का निर्माण भी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे गांव के लोगों को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सार्वजनिक आयोजनों के लिए आधुनिक और सुविधाजनक स्थान उपलब्ध होगा। उन्होंने ग्रामीणों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की

जानकारी देते हुए इनका अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान किया।

जनप्रतिनिधियों ने कहा कि भवन तैयार होने के बाद यहां ग्राम सभाएं, सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम, विवाह समारोह, महिला स्व-सहायता समूहों की बैठकें, युवा गतिविधियां, प्रशिक्षण शिविर तथा अन्य जनहितकारी कार्यक्रम आसानी से आयोजित किए जा सकेंगे। इससे ग्रामीणों को निजी स्थानों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा और गांव में एक स्थायी सार्वजनिक सुविधा उपलब्ध होगी।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों का आत्मीय स्वागत करते हुए क्षेत्र में लगातार हो रहे विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि सामुदायिक भवन की मांग लंबे समय से की जा रही थी और इसके निर्माण से गांव के सामाजिक जीवन को नई दिशा मिलेगी। यह भवन आने वाले वर्षों में गांव की एक महत्वपूर्ण पहचान बनेगा तथा सामाजिक समरसता और जनसहभागिता को मजबूत करेगा।

भूमि पूजन समारोह में पांढुर्ना भाजपा जिलाध्यक्ष संदीपभाऊ मोहोड़, उपाध्यक्ष सदन साहू, जनपद पंचायत मोहखेड़ अध्यक्ष कृष्णा डिगरसे, जिला पंचायत सदस्य मदन साहू, ललिता विलास घोंघे, राहुल मोहोड़, लखनलाल डोंगरे, गगन घटकड़े, गणेश डोंगरे, ग्राम पंचायत सरपंच रेशमी तरुण गिरारे सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

एक नजर में

संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर 7 से

सिवनी। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत 7 एवं 8 अगस्त को एमएम अग्रोहा लॉन, लूघरवाड़ा में ब्लॉक अध्यक्षों, नगर अध्यक्षों एवं मंडलम कांग्रेस अध्यक्षों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर के पहले दिन 7 अगस्त को मध्यप्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी तथा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करेंगे। प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं प्रशिक्षण प्रभारी महेंद्र जोशी दोनों दिनों तक प्रशिक्षण देंगे। कार्यक्रम में संगठन प्रभारी डॉ. संजय कामले, जिला प्रभारी सोहन वाल्मीक, विधायक रजनीश सिंह, विधायक योगेंद्र सिंह बाबा, पूर्व विधायक रमेशचंद जैन, पूर्व विधायक अर्जुन सिंह काकोड़िया, प्रदेश कांग्रेस महामंत्री राजा बघेल एवं विनोद वासनिक, जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी सहित जिले के वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

बस बंद का निर्णय होगा आज

सिवनी। प्रदेश बस आपरेटर संघ भोपाल के द्वारा प्रदेश सरकार के समक्ष अपनी आठ सूत्री मांगों को लेकर लंबे समय से ज्ञापन सोपा गया है तथा ज्ञापन में कहा गया है कि अगर उनकी मांगे नहीं मांनी गई तो पूरे प्रदेश में बस परिवहन अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया जाएगा इस बात को लेकर प्रदेश बस संगठन द्वारा प्रदेश के परिवहन मंत्री एवं संबंधित विभाग के सचिव के बीच बैठक होना है अगर 7 अगस्त तक इस संबंध में संतोषजनक निर्णय न आने पर 8 अगस्त को बसों के पहिए अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे

अहमद रजा अंसारी का इंतकाल

सिंगोड़ी। सिंगोड़ी अंजुमन में मुअज्जन (अजान पुकारने वाले) गुलाम हुसैन अंसारी के बेटे अहमद रज़ा अंसारी का नदी में नहाते वक्त गहरे पानी में डूब जाने से गुरुवार दोपहर करीब चार बजे इंतकाल हो गया। जिनकी जनाजे की नमाज स्थानीय मस्जिद में रात 11 बजे अदा की गई तथा सिंगोड़ी कब्रस्तान में रात्रि में सुपुर्दे खाक किया गया। इस घटना से सिंगोड़ी सहित आसपास के सामाजिक बंधुओ ने गहरा शोक जताया।

हर्रई में शक्ति संचय एवं जन संवाद विकास कार्यक्रम संपन्न

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा/हर्रई, 6 अगस्त, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जन संवाद अभियान के अंतर्गत गुरुवार को जनपद पंचायत हर्रई के विशाल सभागार में शक्ति संचय एवं विकास कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, नगर एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्षों, सचिवों तथा नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात ब्लॉक समन्वयक आशीष नेमा ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए समितियों को शासन के निर्देशों के अनुरूप

जनहित के कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए मार्गदर्शन दिया। परामर्शदाता प्रकाश पद्धति ने परिषद द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। वहीं कुमारी रेखा मरावी ने सभी उपस्थितजनों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। नवांकुर संस्था के सीताराम धैर्य ने एक पेड़ मां के नाम, जल संरक्षण एवं स्वच्छता अभियान पर विस्तार से प्रकाश डाला। स्वास्थ्य विभाग की बीएमओ डॉ. रानी वर्मा ने सर्पदंश से बचाव एवं उपचार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। जनपद पंचायत की श्रीमती बबीता तथा पुलिस विभाग के एएसआई लखन अहिरवार ने शासन की विभिन्न योजनाओं, कानून व्यवस्था एवं नशे की रोकथाम के संबंध में जागरूक किया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक अखिलेश जैन ने नवांकुर संस्थाओं की भूमिका, हरियाली यात्रा एवं एमएसडब्ल्यू के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाजहित में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

दिल्ली पब्लिक स्कूल में ग्रैंडपेरेंट्स डे का भव्य आयोजन

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 5 अगस्त, दिल्ली पब्लिक स्कूल, छिंदवाड़ा में बुधवार, 5 अगस्त 2026 को ग्रैंडपेरेंट्स डे का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमामय एवं भावनात्मक वातावरण में किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों और उनके दादा-दादी तथा नाना-नानी के बीच प्रेम, स्नेह, सम्मान, अपनत्व एवं भारतीय पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करना था। पूरे समारोह में बच्चों और उनके परिवारजनों के बीच अटूट रिश्तों की मधुर अनुभूति देखने को मिली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छिंदवाड़ा के कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायण जी एवं डॉ. जे. एस. गोगिया जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यालय के प्राचार्य श्री हबीब खान ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में परिवार की वास्तविक

धुरी हमारे घर के बुजुर्गों—दादा-दादी एवं नाना-नानी—को बताते हुए उनके प्रेम, अनुभव, संस्कार और त्याग को परिवार की सबसे बड़ी शक्ति बताया। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों का स्नेह और मार्गदर्शन ही परिवार को एकसूत्र में बाँधे रखता है तथा उनकी उपस्थिति घर को खुशियों और संस्कारों से गुलजार बनाए रखती है। उन्होंने सभी वरिष्ठजनों के प्रति हृदय से सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की।

भाजपा मंडल बटकाखापा की मासिक बैठक संपन्न

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा/बटकाखापा, 6 अगस्त, भारतीय जनता पार्टी के निर्देशानुसार भाजपा मंडल बटकाखापा की मासिक बैठक का आयोजन पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस, बटकाखापा में किया गया। बैठक में संगठन की आगामी गतिविधियों, पार्टी के कार्यक्रमों तथा संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में पूर्व मंडल अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह ठाकुर, पूर्व कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त अध्यक्ष दिनेश कुमार अंगारिया, मंडल महामंत्री सीताराम बारसिया एवं अनकलाल इनवाती, व्हाट्सएप प्रमुख

भोलाराम साहू, जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती छोटीबाई डांडिओलिया, मन की बात प्रमुख रविन्द्र सिंह परिहार, बब्लू सिंह पचलिया सहित मंडल के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में पार्टी द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों को बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने, संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा आगामी गतिविधियों की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया। अंत में सभी कार्यकर्ताओं से संगठन हित में सक्रियता के साथ कार्य करने का आह्वान किया गया।

प्रस्फुटन समितियों का प्रस्फुटन शक्ति संचय कार्यक्रम सम्पन्न

नवभारत न्यूज

अमरवाड़ा, 6 अगस्त, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के संबाद योजना अंतर्गत प्रस्फुटन शक्ति संचय कार्यक्रम विकासखंड स्तरीय बैठक दिनांक 6 अगस्त 2026 को माननीय अखिलेश जी जैन जिला समन्वयक की मुख्य उपस्थित में बैठक का आयोजन जनपद पंचायत सभा गृह अमरवाड़ा में रखा गया।

जिसमे पुलिस विभाग एसडीओपी श्रीमती कल्याणी बरकडे मुख्य रूप से उपस्थित रही, स्वास्थ्य विभाग से सुभाष साहू एवं वन विभाग से अरुण डेहरिया, शिक्षा विभाग से उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य उईके, ब्लॉक समन्वयक सुश्री वंदना राकेसिया ,

इंटर्न जय कुमार साईलवार, मंच संचालक संदेश डेहरिया के, डॉक्टर राजकुमार मालवीय और सूरसिंह वर्मा, अशोक डेहरिया, नितेश पटेल नवापुर एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे। जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन ने समाज सेवा, हमारे कर्तव्य, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के दस्तावेजी करण, आगामी नवांकुर सखी हरियाली यात्रा कार्यक्रम, एक पेड़ मां के नाम आदि विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की पुलिस अधिकारी एसडीओपी श्री मति वरकड़े द्वारा नशा मुक्ति एवं साइबर फ्रॉड कॉल से बचने की सावधानी ग्रामीणों को बताने हेतु अवगत कराया गया स्वास्थ्य विभाग से महिला जागरूकता एवं सर्पदंश की सावधानी हेतु जागरूकता अभियान चलाकर ग्रामों में सावधानी बरतने का प्रशिक्षण दिया गया।

म.प्र. राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड, भोपाल
(कौशल विकास संचालनालय म.प्र.)

क्र./एमपीएसएसडीईजीबी/प्रवेश/2026/4564 भोपाल, दिनांक : 06.08.2026

म.प्र. की आईटीआई में प्रवेश 2026 हेतु ओपन (कन्वर्जन) राउण्ड की प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी

म.प्र. स्थित शासकीय एवं प्रायवेट आईटीआई में संचालित एनसीवीटी/एससीवीटी के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी विभाग के पोर्टल (www.dsd.mp.gov.in) पर "प्रवेश रजिस्ट्रेशन 2026" पर जाकर रजिस्ट्रेशन, च्वाईस फिलिंग एवं रजिस्ट्रेशन में त्रुटिसुधार हेतु निम्नानुसार कार्यवाही कर सकेंगे। अधिक जानकारी के लिये www.dsd.mp.gov.in पर देखें।

स.क्र.	की जाने वाली कार्यवाही	दिनांक
1.	संस्थावार/व्यवसायवार रिक्त सीटों की जानकारी पोर्टल पर प्रदर्शित करना।	12.08.2026
2.	ओपन (कन्वर्जन) राउण्ड- म.प्र. राज्य एवं राज्य के बाहर के आवेदकों द्वारा प्रवेश पोर्टल पर आवेदन हेतु नवीन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन में त्रुटि सुधार। इच्छित संस्थाओं तथा व्यवसायों की प्राथमिकता क्रम का चयन करना/इच्छित संस्थाओं में प्राथमिकता के क्रम में त्रुटि सुधार (च्वाईस लॉक करने के पूर्व तक)।	12.08.2026 से 16.08.2026
3.	पंचम चयन सूची ओपन (कन्वर्जन) राउण्ड समस्त सीटों के कन्वर्जन सहित एवं राज्य के बाहर के आवेदकों को जोड़ते हुए मेरिट सूची जारी करना।	20.08.2026
4.	पंचम चयन सूची (सीटों के कन्वर्जन सहित) के आवेदकों का प्रवेश- आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति, मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश।	20.08.2026 से 24.08.2026

आवेदकों के लिये महत्वपूर्ण जानकारियां निम्नानुसार हैं :-

- आईटीआई में महिलाओं के प्रवेश हेतु 35% सीटें आरक्षित की गई हैं, साथ ही महिलाओं के लिये प्रशिक्षण शुल्क में 25 प्रतिशत की कमी भी की गई है।
- समस्त व्यवसायों में प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों के लिये प्रवेश शुल्क को दो किश्तों में जमा करने का प्रावधान किया गया है।
- प्रदेश की आईटीआई में 11 ट्रेड (Welder, Plumber, Weaving Technician, Welder-Fabrication, Driver Cum Mechanic, Dress Making, Sewing Technology, Mason, Wood Work Technician-Carpenter, Painter General, Wireman) में 08वीं के आधार पर प्रवेश की प्रक्रिया की जा रही है। सीटें रिक्त रहने पर एवं 08वीं के आवेदक सूची में उपलब्ध नहीं होने पर 10वीं के अंकों के आधार पर मेरिट सूची अनुसार आवंटन जारी किया जायेगा।
- आईटीआई के विभिन्न ट्रेड में प्रवेश की अधिक जानकारी के लिये नजदीकी शासकीय आईटीआई के हेल्पडेस्क पर अवश्य संपर्क करें। आईटीआई में प्रवेश फार्म भरने की व्यवस्था भी उपलब्ध है।
- **आवेदकों को सूचित किया जाता है कि प्रवेश पोर्टल पर उपलब्ध रिक्त सीटों के अनुसार अंतिम तिथि के पूर्व पुनः च्वाईस फिलिंग का भुगतान रुपये 50/- करके च्वाईस फिलिंग में परिवर्तन कर सकते हैं।**

प्रवेश पोर्टल पर किसी भी प्रकार की समस्या होने पर संपर्क करें :-

फोन नं. : 9220407724, 9220407725, 9220407726, ई-मेल : mpitisupport@gmail.com

म.प्र. माध्यम/127423/2026 **अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी**

चिंतन | आंदोलन को लेकर शीघ्र बनेगी रणनीति, हर व्यक्ति को आगे आकर निभानी होगी भागीदारी

संभाग बनाने, लोकसभा सीट वापस लाने को लेकर किया जाएगा आंदोलन

सिवनी नवभारत। सिवनी के विकास को लेकर सर्वदलीय बैठक का आयोजन होटल हेरिटेज में किया गया इस कार्यक्रम में हमने उपस्थित जनों में रमेश श्रीवास्तव, जगदीश तपिश, राजा बघेल मोहन सिंह चंदेल, गौरव जयसवाल, मीना जयसवाल, नवेंदु मिश्रा, राजिकअकिल, आदित्य भूरा साहिल खान, धनंजय चंदेल, तनवीर अहमद, सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। इस बैठक में मुख्य रूप से सिवनी जिले को संभाग बनाए जाने की मांग एवं परिसीमन के दौरान विलुप्त हुई लोकसभा सीट को पुन वापस लाने को लेकर अपनी बात रखी गई।

सर्वप्रथम राजा बघेल ने बताया कि वर्तमान में विलुप्त हुई लोकसभा सीट सिवनी को लेकर एक बड़े आंदोलन की आवश्यकता है यह आंदोलन किसी राजनीतिक दल का न होकर एक ऐसा आंदोलन होगा जो लोकसभा सीट वापस लाने के लिए प्रयास करेगा जिसकी रूपरेखा शीघ्र तैयार की जाएगी

जिससे सिवनी जिले का विकास को गति मिल सके इसके लिए हर स्तर पर प्रयास किया जाएगा इसमें चाहे सत्ताधारी हो या विपक्ष की राजनीति करने वाले लोग सभी को आमंत्रित किया जाएगा और पूर्व में जिन गलतियों के कारण हम इस लोकसभा सीट से वंचित रह गए उसे पुन: लाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

इसी बात को आगे बढ़ते हुए गौरव जायसवाल ने कहा कि हम हम देख रहे हैं कि लोकसभा परिसीमन को लेकर केंद्र स्तर पर कार्य प्रारंभ हो चुका है और इसके पूर्व की इस लोकसभा को पुन: विलुप्त करने की कार्रवाई हो जिसको लेकर हमें सजग रहने की आवश्यकता है इसके लिए हर व्यक्ति की भागीदारी सुनिश्चित की जाए और आंदोलन में उसे व्यक्ति की सहभागिता हो इसके लिए पत्राचार से लेकर आधुनिक सूचना तंत्र तक का सहयोग लिया जाएगा।

महिलाओं का प्रतिनिधित्व कर रहे सुश्री मीना जायसवाल ने कहा कि अब समय आ गया है जब हमें अपने भेदभाव को भूलकर अपने जिले के विकास अपनी मातृभूमि के विकास के लिए संघर्ष करना है मुझे गर्व है कि मैं यहां पर पैदा हुई और मैं इस अपने जिले के लिए संघर्ष कर रही हूं इसी तरह आपका भी संघर्ष हमें सफलता के सौपनो को छूने में मदद करेगा।

पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मोहन चंदेल ने कहा कि जब लोकसभा सीट परिसीमन के दौरान विलुप्त हुई और हम लोगों को पता चला तब तक बहुत देर हो चुकी थी लेकिन अब वक्त है और हमें हर स्थिति में इसे वापस लाने के लिए सहयोग करना चाहिए इसके लिए सिवनी से लेकर दिल्ली तक अपनी बात पहुंचाने के लिए प्रयास करना ही हमारा लक्ष्य हो तभी हमें सफलता मिलेगी। इसी कड़ी में राजिक अकिल ने कहा कि परिसीमन के माध्यम से हम अपने जिले के विकास को लेकर अनेक कार्य कर सकते हैं इसके लिए हमें चाहे अपने नेता हो या अन्य नेता सभी को एकजुट होकर साथ चलने की आवश्यकता है तभी हम अपनी बात को केंद्र तक पहुंच सकेंगे। इस अवसर पर पत्रकार वार्ता में पत्रकारों द्वारा रखी गई बातों को भी गंभीरता पूर्वक रखा गया तथा आगामी बैठक में इस हेतु रणनीति तैयार करने की बात भी कही गई।

इस बैठक में यह भी बताया गया कि अभी तक शिवानी को संभाग बनाए जाने को लेकर किसी ने भी पत्र व्यवहार नहीं किया है जबकि छिंदवाड़ा जिले में इसको लेकर लगातार प्रयास किया जा रहे हैं इस हेतु भी सत्ताधारी हो या विपक्ष सभी को आंदोलन कर संभाग बनाए जाने के लिए प्रयास करना जनहित में होगा।

सभी के संघर्ष की आवश्यकता

इस दौरान यह भी बताया गया कि सिवनी को संभाग बनाने के लिए भी, हम सबको संघर्ष करने की आवश्यकता है क्योंकि ऐसा प्रतीत हो रहा है की योनि के स्थान पर छिंदवाड़ा को संभाग बनाने के लिए रणनीति तैयार की जा रही है जिसका उदाहरण विभिन्न विभागों के मुख्यालय जो कि सिवनी में थे उन्हें धीरे-धीरे कर छिंदवाड़ा में स्थानांतरित कर दिया गया और भविष्य में इन सब कर्म से या घोषित किया जाएगा की छिंदवाड़ा ही संभाग की दृष्टि से उपयुक्त है जबकि सभी मानते हैं कि सिवनी भौगोलिक दृष्टि से संभाग बनाने के लिए सबसे उपयुक्त है क्योंकि यहां पर छिंदवाड़ा हो या बालाघाट या पांढुरना सभी सिवनी से नजदीक है और सिवानी को संभाग बनाए जाने से केवल शिवानी के बल्कि आसपास के जिलों के विकास में भी काफी मदद मिलेगी इसके लिए भी हमें चरणबद्ध आंदोलन की आवश्यकता है